पत्रिका

स्मार्ट सिटी और नवा रायपुर योजना में गड़बड़ी का मामला

# करोड़ों की ठगी में सहयोगी आशीष शिंदे गिरफ्तार, पुलिस ने कोर्ट में पेश किया

**रायपुर @ पत्रिका.** स्मार्ट सिटी और नवा रायपुर योजना में काम दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले केके श्रीवास्तव के सहयोगी आशीष शिंदे को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। आशीष पर आरोप है कि उसने केके को बचाने, छुपाने और साक्ष्य मिटाने का कोशिश की थी। इससे पहले तेलीबांधा पुलिस ने आशीष को आरोपी नहीं मानते हुए कोर्ट में प्रतिवेदन दे दिया था। इससे वह दोषमुक्त हो गया था। पुलिस के प्रतिवेदन के आधार पर ही कोर्ट ने आशीष को निर्दोष मानते हुए 4 जुलाई को ऑर्डर दिया था।

सीजेएम गिरीश मंडावी के समक्ष तेलीबांधा पुलिस ने आशीष शिंदे को पेश कर पूछताछ के लिए तीन दिन की रिमांड पर लिया है। गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान पुलिस ने बताया कि 15 करोड़ रुपए की ठगी के आरोपी केके श्रीवास्तव को जेल भेज दिया गया है। वहीं, धोखाधड़ी के प्रकरण में आशीष की भूमिका को देखते हुए रिमांड पर लिया गया है। इसकी अवधि पूरी होने पर 11 जुलाई को पेश किया जाएगा।



आशीष शिंदे

केके श्रीवास्तव पर धोखाधड़ी के मामले में सह आरोपी मानते हुए आशीष शिंदे को गिरफ्तार किया गया है। उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। **-नरेंद्र मिश्रा,** टीआई, तेलीबांधा

10/07/2025 | Raipur Zila | Page : 12
Source : https://epaper.patrika.com/